राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड
राष्ट्रीय सेवा योजना
Email ID- nssgdcbazpur@gmail.com
Website- www.gpgcbazpur.in

एक दिवसीय शिविर

दिनांक: 16 मार्च 2026

दिनांक 16 मार्च 2026 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बाजपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) ईकाई का एक दिवसीय शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार सैनी एवं डॉ. प्राची फर्त्याल के निर्देशन में संपन्न हुआ। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक सेवा, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता तथा राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता विकसित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. बी. के. सिंह के प्रेरणादायक संबोधन के साथ हुआ। अपने उद्बोधन में उन्होंने उत्तराखंड के विभिन्न महाविद्यालयों में NSS के साथ अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि NSS केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का माध्यम है। उन्होंने विशेष रूप से चरित्र निर्माण (Character Building) एवं राष्ट्र निर्माण (Nation Building) के महत्व पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात योग प्रशिक्षक श्री रंजीत सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। उन्होंने दैनिक जीवन में योग के महत्व को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य सुदृढ़ होता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी संतुलित रहता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि एक स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन ही एक सशक्त चरित्र के निर्माण में सहायक होता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्राची फर्त्याल ने अपने संबोधन में आगामी सात दिवसीय विशेष शिविर की जानकारी दी, जो दिनांक 23 से 29 मार्च 2026 तक राजकीय प्राथमिक विद्यालय, टांडा गौरू में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने स्वयंसेवकों को इस शिविर में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया और इसके महत्व को समझाया। बौद्धिक सत्र के पश्चात स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर परिसर को साफ़ किया गया, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों के बीच जागरूकता फैलाने एवं उपयोगी जानकारी साझा करने का कार्य किया गया। इसके साथ ही स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया और “स्वच्छ परिसर, स्वस्थ वातावरण” की भावना को साकार किया। शिविर का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर सभी स्वयंसेवकों ने सामाजिक सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का संकल्प लिया।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड

राष्ट्रीय सेवा योजना

Email ID- nssgdcbazpur@gmail.com

Website- www.gpgcbazpur.in

डॉ. अनिल कुमार सैनी

डॉ. प्राची फर्त्याल

कार्यक्रम अधिकारी